मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए बढ़ाया एक और कदम

एमएमआरसीएल ने शुरू की संचालन और मेंटेनेंस के लिए एजेंसी की तलाश

■ वरिष्ठ संवाददाता, मुंबई

कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज के बीच बन रहा मुंबई का पहला भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर लगभग तैयार है। सरकार ने मेट्रो-3 कॉरिडोर के पहले चरण के तहत दिसंबर 2023 से सिप्ज से बांद्रा के बीच आम जनता के लिए सेवा शुरू करने की तैयारी की है। निर्धारित समय में मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) एक और कदम आगे बढ़ गया है। एमएमआरसीएल ने मेट्रो के संचालन और रखरखाव के लिए एजेंसी की तलाश शुरू कर दी गई है।

मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण करने वाली कंपनी के पास उसके संचालन का जिम्मा नहीं होता है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) एमएमआर में करीब 337 किमी लंबा एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण कर रही है। मेट्रो-7 व मेट्रो-2ए के 20 किमी मार्ग पर अप्रैल से मेट्रो दौड़ने लगी है। एमएमआरडीए ने अपने सभी मेट्रो कॉरिडोर का संचालन और मेट्रो रेक के रखरखाव का जिम्मा महामुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन (एमएमएमओपीएल) को दे रखा है। इसी तरह, एमएमआरसीएल ने भी मेट्रो-3 कॉरिडोर के संचालन व रखरखाव का काम किसी अन्य एजेंसी को सौंपने के लिए टेंडर जारी किया है।

आरे से सारीपुत नगर के बीच मेट्रो को दौड़ा कर जांच की जा रही है।

75.65% काम पूरा

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किमी लंबा अंडरग्राउंड मेट्रो मार्ग तैयार किया जा रहा है। एमएमआरसीएल ने पूरे कॉरिडोर का सिविल वर्क करीब 86 फीसदी हो चुका है। स्टेशन वर्क करीब 85 फीसदी और ओवरऑल प्रॉजेक्ट 75.65 फीसदी तक पूरा हो चुका है। वहीं, पूरे रूट पर 43 फीसदी तक ट्रैक बिछाया जा चुका है।

दो चरणों में मेट्रो

दक्षिण मुंबई को उपनगर से कनेक्ट करने वाले मेट्रो कॉरिडोर को सरकार दो चरण में पूरा करेगी। दिसंबर 2023 से सिप्ज से बीकेसी और जून 2024 से पूरे रूट पर सेवा शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दिसंबर 2023 तक मेट्रो सेवा शुरू करने के लिए 3 किमी के रूट पर ट्रायल रन चल रहा है। आरे से सारीपुत नगर के बीच मेट्रो को दौड़ा कर जांच की जा रही है। जांच के दौरान 10 हजार किमी तक मेट्रो को दौड़ाया जाएगा। जून 2023 के करीब रेलवे सेफ्टी बोर्ड को रेलवे मार्ग की जांच करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

ऐसे होगा काम

पहला चरण: 12.22 किमी

दूसरा चरण: 21.39 किमी

कुल रूट: 33.3 किमी

- जून 2024 से पूरे रूट पर दौड़ेगी मेट्रो
- दिसंबर 2023 से पहले चरण में दौड़ेगी मेट्रो

ट्रायल रन का दायरा बढ़ेगा

एमएमआरसीएल ने नवंबर से ट्रायल रन का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है। अगले महीने से 3 किमी के बजाय 5 किमी के रूट पर मेट्रो दौड़ेगी। मौजूदा समय में मेट्रो का ट्रायल रन सारीपुत नगर (सिप्ज) से मरोल नाका स्टेशन के बीच हो रहा है। नवंबर से मेट्रो सारीपुत नगर से सहार रोड स्टेशन के बीच दौड़ने लगेगी।

कारशेड 32% तैयार

एमएमआरसीएल के अनुसार, 32 फीसदी तक कारशेड तैयार हो चुका है। अगले

साल तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सकता है, इसलिए एमएमआरसीएल ने आरे से बीकेसी के बीच 9 रेक के साथ सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। रेक के रखरखाव और संचालन के लिए कारशेड में स्टेबलिंग लाइन व अन्य व्यवस्था करने का काम अप्रैल 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पहले चरण के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के बाद दूसरे चरण के लिए आने वाले रेक को हैंडल करने का काम आरे में जारी रहेगा। आरे में 25 हेक्टेयर जमीन पर कारशेड का निर्माण कार्य चल रहा है।